बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-292
31/08/2019

मुख्यमंत्री ने बाबा गणिनाथ जी महाराज की जयंती एवं पूजनोत्सव के 75वें समारोह का किया उद्घाटन

पटना 31 अगस्त 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पटना नगर मध्यदेशीय वैश्य सभा द्वारा आयोजित राजेन्द्र नगर स्थित स्वामी विशुद्धानंद परमहंस आश्रम में बाबा गणिनाथ जी महाराज की जयंती एवं पूजनोत्सव के 75वें समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर पटना मध्यदेशीय वैश्य समाज के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र एवं पगड़ी भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। मध्यदेशीय समाज द्वारा मुख्यमंत्री को फूलों की बड़ी माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वहां पूजा–अर्चना भी की।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग श्री प्रमोद कुमार, मंत्री, जल संसाधन श्री संजय झा, पटना नगर निगम की मेयर श्रीमती सीता साहू एवं मध्यदेशीय वैश्य समाज के अन्य नेतागण भी उपस्थित थे।

******